बीएचईएल को तेलंगाना में 1x800 मेगावाट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना के लिए ऑर्डर प्राप्त हुआ

नई दिल्ली, फरवरी 14: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) आधार पर तेलंगाना के मंचेरियल जिले में 1x800 मेगावाट आदिलाबाद सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) से ऑर्डर प्राप्त किया है।

इस अनुबंध के तहत, बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में सिविल कार्यों के साथ-साथ डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, आपूर्ति, निर्माण और कमीशनिंग शामिल है। इस दायरे में उत्सर्जन नियंत्रण के लिए अत्यधिक कुशल, अत्याधुनिक उपकरणों की आपूर्ति भी शामिल है।

प्रस्तावित इकाई मौजूदा 2x600 मेगावाट चालू इकाइयों के निकट स्थापित की जानी है । गौरतलब है कि इन इकाइयों के लिए बॉयलर-टर्बाइन-जनरेटर (बीटीजी) स्कोप भी बीएचईएल को सौंपा गया था और दोनों इकाइयों को 2016 में बीएचईएल द्वारा कमीशन किया गया था।

विशेष रूप से, बीएचईएल ने तेलंगाना राज्य में विभिन्न संस्थाओं के लिए 75% से अधिक कोयला आधारित सेट सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं।

भारत के अग्रणी बिजली उपकरण निर्माता के रूप में, देश भर में 1,70,000 मेगावाट से अधिक यूटिलिटी विद्युत क्षमता स्थापित करने के साथ, बीएचईएल भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मज़बूत करने और पावर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के देश के लक्ष्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।